कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़

नोटिस | दिनाँक :- 11.07.2024

माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़ द्वारा आज दिनांक 11.07.2024 को अधोहस्ताक्षरी के साथ आयोजित **Video conferencing** में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों को आदेश दिए जाते हैं कि वे प्रतिदिन अपने निर्धारित समय प्रातः 09:00 बजे महाविद्यालय में उपस्थित होंगे तथा पुरे समय महाविद्यालय में ही उपस्थित रहेंगे। सभी स्टाफ सदस्य महाविद्यालय में आने व जाने के समय बायोमेट्रिक अटेंडेंस अवश्य लगाए। यदि कोई स्टाफ सदस्य बिना किसी सूचना के महाविद्यालय से अनुपस्थित रहता है तो उसे अनुपस्थित दर्शाकर उसका वेतन काट लिया जाएगा। यदि किसी स्टाफ सदस्य को कार्यावधि के दौरान किसी अधिकारिक कार्य से महाविद्यालय छोड़ना पड़े तो वह महाविद्यालय में श्री अनिल कुमार, उंपाधीक्षक के पास रखे **Movement** रजिस्टर में महाविद्यालय छोड़ने के उद्देश्य सहित **Entry** अवश्य करें।

इसके अतिरिक्त यदि किसी स्टाफ सदस्य को किसी आवश्यक कार्य हेतु आकस्मिक अवकाश लेना है तो वे **Casual Leave** के लिए आवेदन केवल महाविद्यालय की आधिकारिक ईमेल **(gc_mohindergarh@yahoo.com)** पर ही ईमेल भेजे। **Casual Leave** के लिए भौतिक आवेदन ई-मेल भेजने उपरान्त कार्यालय में भरकर देवें। व्हाट्सएप/मैसेज के माध्यम से भेजे गए आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा दिन में किसी भी समय प्रिंसिपल से **Casual Leave** आवेदन अग्रेषित करने के लिए कहा जा सकता है।

आदेशों की दृढ़ता से पालना की जाए।

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
महेन्द्रगढ़।

प्रति :-

Nodal Officer, College web-portal को भेजकर आदेश दिए जाते हैं कि इसकी एक प्रति महाविद्यालय की **Website** पर अपलोड करें।

CamScanner